वीतराग-विज्ञान

वीतराग-विज्ञान ही, तीन लोक में सार।
वीतराग-विज्ञान का , घर-घर होय प्रसार।।

वर्ष : 33 (वीर नि. संवत् - 2540) 374 अंक : 2

आतमरूप अनुपम है...

आतमरूप अनुपम है, घटमाहिं विराजै।
जाके सुमरन जाप सो, भव भव दुःख भाजै हो।।
केवल दरशन ज्ञानमै, थिरतापद छाजै हो।
उपमाको तिहुं लोक में, कोउ वस्तु न राजै हो।।
आतमरूप अनुपम है...।।१।।

सहै परीषह भार जो, जु महाव्रत साजै हो।
ज्ञान बिना शिव ना लहै, बहुकर्म उपाजै हो।।
आतमरूप अनुपम है...।।२।।

तिहुं लोक तिहुं काल में, नहिं और इलाजै हो।
'द्यानत' ताको जानिये, निज स्वारथ काजै हो।।
आतमरूप अनुपम है...।।३।।

– कविवर पण्डित द्यानतरायजी

आध्यात्मिकसत्पुरुष श्रीकानजीस्वामी की 125वीं जन्मजयन्ती के अवसर पर उनके प्रवचनों में से महत्वपूर्ण 125 अंशों को पाठकों के लाभार्थ यहाँ क्रमश: प्रकाशित किया जा रहा है।

(56) हे आत्मा ! बाह्य जंगल अथवा वन में भी शान्ति नहीं है, इसलिए अन्तररूपी जंगल में अपने सहज ज्ञानानन्दरूपी वन की अनुभवनीय सुवास लेकर स्वाधीन हो जा ! बाह्य में स्वाधीनता कहीं से भी नहीं मिलती।

– आत्मधर्म : अप्रैल 1981, पृष्ठ 2

(57) भाई ! यदि तुझे सुख की धकस (सम्यक् अभिलाषा) लगी हो तो समस्त परापेक्षता की भावना से रहित होकर अपने ध्रुव स्वरूप का आस्वादन कर। वस्तु के परिणमन की भी चिन्ता मत कर, उस पर से भी अपनी दृष्टि को हटा ले, क्योंकि उसे (वस्तु को) परिणमन के लिये तेरे विकल्प की अपेक्षा नहीं। वह (परिणमन) तो स्वयं में स्वयं से अपने नियतक्रम में हो रहा है, तू उसे जान, समझ और ये परासक्तता व परकर्तृत्व की अनर्गल प्रवृत्तियों को छोड़ निज ध्रुवधाम की धुन रमा। **– आत्मधर्म : मई 1981, पृष्ठ 25**

(58) जिसकी लौकिक नीति का ठिकाना नहीं, उसे लोकोत्तर आत्मस्वभाव समझ में आ जाये – ऐसा कभी भी नहीं बनता। सत्य का एक अंश भी खंडित कर दिया जाये तो वह सत्य नहीं रह सकता। **– आत्मधर्म : जून 1981, पृष्ठ 24**

(59) भाई ! यह तो दिगम्बर सन्तों की वाणी है। ऐसी वाणी और कहीं पर नहीं है। दिगम्बर धर्म कोई पक्ष या मतवाद नहीं है, परन्तु वस्तु का जो यथार्थ स्वरूप है, वह दिगम्बर सन्तों ने प्रसिद्ध किया है। **– आत्मधर्म : जुलाई 1981, पृष्ठ 11**

(60) भाई ! अपने आत्मा में सब भरा पड़ा है, बाहर कहीं कुछ लेने जाना पड़े – ऐसा है ही नहीं। बाहर के संयोगों की क्या कीमत ? पानी की बाढ की तरह आते हैं और जाते हैं, किसी के भी रोके नहीं रुकते तथा किसी को बाधाकारक भी नहीं होते।

धर्म तो जब कभी भी होगा, निजस्वभाव के अवलम्बन से ही होगा; चाहे वह कोई भी काल हो, चाहे कोई भी क्षेत्र हो। देखो ! आत्मा के अवलम्बन की प्रमुखता है – क्षेत्र, काल आदि की नहीं। नरक में रहो, चाहे भगवान के समवशरण में; महाविदेह क्षेत्र में रहो, चाहे भरतक्षेत्र में; धर्म तो परमपारिणामिक भाव के अवलम्बन से ही होता है। **– आत्मधर्म : अगस्त 1981, पृष्ठ 20**

(61) जब हम स्वादिष्ट आम चूसते हैं, तब उसमें ऐसे तल्लीन हो जाते हैं कि मानो स्वर्ग का सुख उतर आया हो; किन्तु प्रभो ! तेरा रस तुझ ही में है, तेरा रस आम में से या जीभ में से नहीं आता, तू तो मात्र अपने राग का वेदन करता है; जड़ का वेदन कोई नहीं कर सकता। आत्मा रस का वेदन तो कभी नहीं करता, किन्तु रस का स्वरूप ज्ञान से ज्ञात होता है, उस ज्ञान को ही जानता है। जो यह मानता है कि मैंने जीभ से रस चखा है, वह पराधीन दृष्टिवाला मूढ मिथ्यात्वी है। यदि परमार्थदृष्टि से देखा जाय तो आत्मा द्रव्येन्द्रिय के आलम्बन द्वारा रस नहीं चखता, अत: आत्मा अरस है। **– आत्मधर्म : सितम्बर 1981, पृष्ठ 12**

(62) यथार्थ को समझे बिना अनन्तभवों में भ्रमण किया और यदि अभी भी सत्य को न समझा तो चौरासी लाख योनियों के भयंकर भवभ्रमण के लिए तैयार हो जा। अरे ! जिस भाव से अभी तक अनन्तभव किए, उस भाव से भव का नाश नहीं होगा, किन्तु उससे विरुद्ध भावों से भव का नाश होगा। **– आत्मधर्म : अक्टूबर 1981, कवर पृष्ठ 2**

(63) एक क्षणभर का सम्यग्दर्शन अनन्त जन्म-मरण का नाश करने वाला है। एक मात्र सम्यग्दर्शन के अतिरिक्त जीव अनंतकाल में सब कुछ कर चुका है, परन्तु सम्यग्दर्शन कभी एक क्षणमात्र भी प्रगट नहीं किया। यदि कोई जीव एक क्षण के लिए भी सम्यग्दर्शन प्रगट करे तो उसकी मुक्ति हुए बिना न रहे। सम्यग्दर्शन ही मानव जीवन का सबसे अधिक महान और प्रथम कर्तव्य है।

– आत्मधर्म : नवम्बर 1981, पृष्ठ 16

(64) भाई ! व्यवहार स्वयं मिथ्यात्व नहीं है, व्यवहार तो ज्ञानी को भी होता है; यहाँ तो चौदहवें गुणस्थान पर्यंत व्यवहार कहा है, वह व्यवहार मिथ्यात्व नहीं है; परन्तु व्यवहार के भेद के अवलम्बन में अटककर उससे लाभ माने तो अवश्य मिथ्यात्व है।

– आत्मधर्म : दिसम्बर 1981, पृष्ठ 25

(65) भाई ! भगवान आत्मा है, इसकी सत्ता एक बार तो स्वीकार कर। अनादिकाल से पैसे आदि के लोभ में परपदार्थों की सत्ता को तो अनन्तबार स्वीकार किया, परन्तु सिद्धि नहीं हुई। अगर एक बार भी भगवान आत्मा की सत्ता को स्वीकार कर ले तो सिद्धि हुए बिना न रहेगी अर्थात् अवश्य होगी।

– आत्मधर्म : जनवरी 1982, पृष्ठ 22

सम्पादकीय

तत्त्वार्थमणिप्रदीप

(आचार्य उमास्वामी कृत तत्त्वार्थसूत्र की टीका)

(गतांक से आगे)

२. जिस जल का मैल नीचे बैठा हो, उसे यदि दूसरे बर्तन में रख दिया जाये तो उसमें जिसप्रकार अत्यन्त निर्मलता होती है; उसीप्रकार आत्मा में कर्मों की अत्यन्त निवृत्ति से जो आत्यन्तिक विशुद्धि होती है, वह **क्षय** है।

कर्मक्षय के लिए जो भाव होते हैं, वे क्षायिक भाव हैं।

३. जिसप्रकार कोदों को धोने से कुछ कोदों की मदशक्ति क्षीण हो जाती है और कुछ की अक्षीण रहती है; उसीप्रकार परिणामों की निर्मलता से कर्मों के एकदेश का **क्षय** और एकदेश का **उपशम** होना **मिश्र** भाव है।

इस क्षयोपशम के लिए जो भाव होते हैं, उन्हें क्षायोपशमिक भाव कहते हैं।

४. द्रव्य, क्षेत्र, काल, और भाव के निमित्त से कर्मों का फल देना **उदय** है।

उदयनिमित्तक भावों को औदयिक भाव कहते हैं।

५. जो भाव कर्मों के उपशमादिक की अपेक्षा न रखकर द्रव्य के निजस्वरूप मात्र से होते हैं, उन्हें **पारिणामिक** भाव कहते हैं।[१]''

इसप्रकार हम देखते हैं कि आरंभ के चार भाव कर्मोपाधि सापेक्ष हैं और अन्तिम पाँचवाँ पारिणामिक भाव पूर्णत: कर्मोपाधि निरपेक्ष है।

औपशमिक भाव, क्षायिक भाव, क्षायोपशमिक भाव और औदयिक भाव – ये चार भाव पर्यायरूप भाव हैं और पारिणामिक भाव द्रव्यरूप भाव हैं।

यद्यपि **क्षयोपशम** पद क्षय+उपशम=क्षयोपशम – इसप्रकार बना है। अत: इसमें क्षय और उपशम ही दिखाई देते हैं; तथापि वस्तुस्थिति यह है कि क्षयोपशम भाव में न तो असली क्षय है और न असली उपशम तथा इसमें उदय भी शामिल है ही।

मूलत: क्षायोपशमिक भाव की परिभाषा इसप्रकार है –

''वर्तमानकालीन सर्वघाति स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय (उदय के अभावरूप क्षय) और भविष्यकालीन उन्हीं स्पर्धकों का सदवस्थारूप उपशम और वर्तमानकालीन

१. तत्त्वार्थवार्तिक के दूसरे अध्याय के प्रथम सूत्र के वार्तिक/भाष्य के संबंधित अंश का भावानुवाद

देशघाति स्पर्धकों का उदय होने पर आत्मा में जो भाव होता है; उसे क्षायोपशमिक भाव कहते हैं।[१]''

इसप्रकार क्षायोपशमिक भाव में सर्वघाति स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय, भविष्यकालीन उन्हीं स्पर्धकों का सदवस्थारूप उपशम और देशघाति स्पर्धकों के उदय का मिश्रण है।

कुछ लोग समझते हैं कि यह क्षायोपशमिक भाव; औपशमिक भाव से अच्छा होगा; क्योंकि इसमें उपशम के साथ क्षय भी शामिल है; पर ऐसा नहीं है।

ध्यान से देखो कि क्षायोपशमिक भाव में सर्वघाति स्पर्धकों का पूर्णत: क्षय नहीं है, मात्र उनका वर्तमान में उदय के अभावरूप क्षय है; क्योंकि वे स्पर्धक अभी सत्ता में विद्यमान हैं। इसीप्रकार उनका पूर्णत: उपशम भी नहीं हुआ है, अपितु उन सर्वघाति स्पर्धकों के आगामी निषेकों का सदवस्थारूप उपशम है, उसी स्थिति में ठहर जाने रूप उपशम हुआ है और देशघाति स्पर्धकों का तो उदय है ही। इसप्रकार **यह क्षायोपशमिक भाव; क्षय, उपशम और उदय – इन तीन का मिश्रण है।**

यद्यपि **क्षयोपशम** पद में **क्षय** पद विद्यमान है; तथापि क्षायोपशमिक भाव में सर्वघाति स्पर्धकों का क्षय (पूर्णत: अभाव) नहीं हुआ है, **वर्तमान में उदय के अभावरूप क्षय हुआ है; अभी उनकी सत्ता है, परन्तु वर्तमान में सर्वघातिरूप से उदय नहीं है – देशघातिरूप होकर उदय में आ रहे हैं।**

सभी लोग यह बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि जिन कर्मों का क्षय हो जाता है, उनका अस्तित्व ही नहीं रहता; पर **क्षयोपशम भाव में उदयाभावी क्षय होने पर भी उक्त कर्म का सत्ता में अस्तित्व बना रहता है, मात्र तत्समय में सर्वघाति स्पर्धकों का उदय के अभावरूप क्षय होता है। यह नाम मात्र का क्षय है; वस्तुत: यह क्षय है ही नहीं।**

इसीप्रकार उपशम भी आगामी काल में उदय में आनेवाले सर्वघाति स्पर्धकों का होता है।

वह भी असली उपशम नहीं, सदवस्थारूप उपशम है; पर देशघाति स्पर्धकों का उदय वास्तविक है।

इसप्रकार तत्संबंधी कर्मों के सर्वघाति स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय, उन्हीं के आगामी स्पर्धकों का सदवस्थारूप उपशम और देशघाति स्पर्धकों का उदय होने पर जो भाव होते हैं; उन्हें क्षायोपशमिक भाव कहते हैं।

१. सर्वार्थसिद्धि : अध्याय २, सूत्र ५

जब इस क्षायोपशमिक भाव को सम्यग्दर्शन पर घटित करते हैं तो क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन का स्वरूप इसप्रकार होता है –

मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व (मिश्र) तथा अनन्तानुबंधी क्रोध, मान, माया और लोभ इन छह सर्वघाति प्रकृतियों के सर्वघाति स्पर्धकों का उदयाभावी क्षय, इन्हीं छह प्रकृतियों के आगामी निषेकों का सदवस्था रूप उपशम और सम्यक्त्व प्रकृति नामक देशघाति प्रकृति का उदय रहते श्रद्धागुण की जो निर्मल अवस्था होती है; उसे क्षायोपशमिक सम्यग्दर्शन कहते हैं।

इसीप्रकार अठारह क्षायोपशमिक भावों पर घटित करना होगा।

सभी क्षायोपशमिक भावों को घटित करने के लिए प्रत्येक घातिकर्म के सर्वघाति स्पर्धक व देशघाति स्पर्धकों को जानना आवश्यक है।

सर्वार्थसिद्धि नामक टीका ग्रन्थ का अनुवाद व संपादन करते हुए इस सूत्र की टीका के अनुवाद में विशेषार्थ लिखते हुए पण्डित फूलचंदजी सिद्धान्त शास्त्री लिखते हैं–

''पाँच भावों में प्रारम्भ के चार भाव निमित्त की प्रधानता से कहे गये हैं और अन्तिम भाव योग्यता (उपादान) की प्रधानता से।

जग में जितने कार्य होते हैं, उनका विभागीकरण इसी हिसाब से किया जाता है। कहीं निमित्त को प्रमुखता दी जाती है और कहीं योग्यता (उपादान) को; पर इससे **अन्य वस्तु का कर्तृत्व अन्य में मानना उचित नहीं।**

ऐसे विभागीकरण को दिखलाने का इतना ही प्रयोजन है कि जहाँ जिस कार्य का जो सुनिश्चित निमित्त हो, उसका परिज्ञान हो जावे।

यों तो कार्य अपनी योग्यता (उपादान) से होता है; किन्तु जिसका जिसके होने के साथ सुनिश्चित अन्वय-व्यतिरेक पाया जाता है, वह उसका सुनिश्चित निमित्त कहा जाता है।

इस हिसाब से विचार करने पर औपशमिक, क्षायिक, क्षायोपशमिक और औदयिक ये चार नैमित्तिक भाव कहलाते हैं।[१]''

इन पाँचों भावों के संदर्भ में विशेष विचार आगामी पाँच सूत्रों में यथास्थान होगा ही; अत: यहाँ विशेष विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है।।१-२।।

औपशमिक भाव

दो प्रकार के औपशमिक भाव इसप्रकार हैं –

१. सर्वार्थसिद्धि, पृष्ठ १०८

सम्यक्त्वचारित्रे ।।३ ।।

औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र – ये दो भेद औपशमिक भाव के हैं।

उपशम मात्र मोहनीय कर्म का होता है; शेष सात कर्मों का उपशम नहीं होता; इसलिए औपशमिक भाव भी मात्र दो प्रकार का ही होता है।

दर्शनमोहनीय में मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वप्रकृति तथा चारित्र मोहनीय की अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया व लोभ – इन सात प्रकृतियों के उपशम से औपशमिक सम्यक्त्व और चारित्र मोहनीय कर्म की २१ प्रकृतियों के उपशम से औपशमिक चारित्र होता है।

इसप्रकार औपशमिक सम्यक्त्व और औपशमिक चारित्र के भेद से औपशमिक भाव दो प्रकार का होता है।

अनादि मिथ्यादृष्टि और कभी-कभी सादि मिथ्यादृष्टि के भी मिथ्यात्व और अनंतानुबंधी क्रोध, मान, माया तथा लोभ – इन पाँच प्रकृतियों के उपशम से भी औपशमिक सम्यक्त्व होता है; क्योंकि जिनके यह सम्यग्दर्शन होता है, उनके सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्व नामक प्रकृति की सत्ता ही नहीं होती।

यह तो सर्वविदित ही है कि करणलब्धि के उपरान्त मिथ्यात्व प्रकृति के टुकड़े होने पर ही इन प्रकृतियों का जन्म होता है।

सम्यग्दर्शन पूर्वक ही सम्यक्चारित्र घटित होता है; इसलिए सूत्र में सम्यक्त्व पद पहले रखा गया है और चारित्र पद बाद में रखा गया है।

ये दोनों प्रकार के औपशमिक भाव ज्ञानी धर्मात्मा के ही होते हैं और इनका काल भी मात्र अन्तर्मुहूर्त ही है; इसकारण **औपशमिक भाव वाले जीवों की संख्या सबसे कम होती है। यही कारण है कि उक्त पाँच भावों में औपशमिक भाव का उल्लेख आरंभ में किया गया है।।३।।**

क्षायिक भाव

नौ प्रकार के क्षायिक भाव इसप्रकार हैं –

ज्ञानदर्शनदानलाभभोगोपभोगवीर्याणि च ।।४।।

क्षायिक ज्ञान, क्षायिक दर्शन, क्षायिक दान, क्षायिक लाभ, क्षायिक भोग, क्षायिक उपभोग और क्षायिक वीर्य – ये सात तथा च शब्द से ग्रहण करने योग्य क्षायिक सम्यक्त्व और क्षायिक चारित्र – ये दो – इसप्रकार कुल मिलाकर नौ भेद क्षायिकभाव के हैं।

इसे हम इसप्रकार भी कह सकते हैं कि तीसरे सूत्र में कहे गये सम्यक्त्व और चारित्र तथा ज्ञान, दर्शन, लाभ, भोग, उपभोग एवं वीर्य ये नौ भाव क्षायिक भाव हैं। ये क्षायिक भाव पर्यायदृष्टि से सबसे महान हैं, प्राप्त करने योग्य हैं; प्राप्त करने की अपेक्षा से पूर्णत: उपादेय हैं।

इन क्षायिक भावों का स्वरूप तत्त्वार्थवार्तिक में इसी सूत्र की व्याख्या में आचार्य अकलंकदेव इसप्रकार स्पष्ट करते हैं –

''समग्र ज्ञानावरण के क्षय से **केवलज्ञान** और समग्र दर्शनावरण के क्षय से **केवलदर्शन क्षायिक होते हैं।**

समस्त दानान्तराय कर्म के अत्यन्त क्षय से अनन्त प्राणियों को अभय और अहिंसा का उपदेशरूप **अनन्त दान क्षायिक दान है।**

सम्पूर्ण लाभान्तराय का अत्यन्त क्षय होने पर कवलाहार न करनेवाले केवली को शरीर की स्थिति में कारणभूत परम शुभ दिव्य अनन्त पुद्गलों का प्रतिसमय शरीर में संबंधित होना **क्षायिक लाभ** है। अत: 'कवलाहार के बिना कुछ कम पूर्वकोटि वर्ष तक औदारिक शरीर की स्थिति कैसे रह सकती है ?' यह शंका निराधार हो जाती है।

संपूर्ण भोगान्तराय के नाश से उत्पन्न होनेवाले सातिशय भोग क्षायिक भोग है। इसी से पुष्पवृष्टि, गन्धोदकवृष्टि, पदकमलरचना, सुगंधित शीत वायु आदि अतिशय होते हैं।

समस्त उपभोगान्तराय के नाश से उत्पन्न होनेवाला सातिशय उपभोग क्षायिक उपभोग है। इसी से सिंहासन, छत्रत्रय, चमर, अशोक वृक्ष, भामण्डल, दिव्यध्वनि, देवदुन्दुभि आदि होते हैं। समस्त वीर्यान्तराय के अत्यन्त क्षय से प्रकट होनेवाला अनन्त क्षायिक वीर्य है।

दर्शनमोह के क्षय से क्षायिक सम्यग्दर्शन और चारित्रमोहनीय के क्षय से क्षायिक चारित्र होता है।

प्रश्न – दानान्तराय आदि के क्षय से प्रकट होनेवाली दानादि लब्धियों के अभयदान आदि कार्य सिद्धों में भी होने चाहिए।

उत्तर – नहीं; क्योंकि दानादि लब्धियों के कार्य के लिए शरीर नामकर्म और तीर्थंकर प्रकृति के उदय की भी अपेक्षा है। सिद्धों में ये लब्धियाँ अव्याबाध अनन्त सुखरूप से रहती हैं। जैसे कि केवलज्ञानरूप में अनन्तवीर्य।''

इसीप्रकार का भाव आचार्य पूज्यपाद कृत सर्वार्थसिद्धि शास्त्र में भी व्यक्त

किया गया है।

ये सभी क्षायिक भाव एक बार उत्पन्न होने के बाद अनन्तकाल तक रहते हैं; इनका अभाव कभी भी नहीं होता।

यद्यपि ये भाव पर्यायरूप हैं; अत: प्रतिसमय बदलना इनका सहज स्वभाव है; इसलिए इनकी स्थिति भी एक समय की ही है; तथापि ये सन्तति की दृष्टि से अनन्तकाल तक एक से ही रहते हैं।

औपशमिकभाववालों से अधिक संख्या क्षायिक भाववालों की होती है; इसकारण क्षायिकभाव का उल्लेख औपशमिक भाव के तत्काल बाद किया गया है। क्षायिक भाववालों में सभी अरहंत व सिद्ध तथा क्षपकश्रेणीवाले तथा क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीव आते हैं।

ये औपशमिक और क्षायिक भाव; सम्यग्दृष्टि ज्ञानी जीवों के ही होते हैं; ये भाव धर्मभाव हैं; इसलिए भी इन्हें सबसे पहले रखा गया है।।४।।

क्षायोपशमिक भाव

अठारह प्रकार के क्षायोपशमिक भाव इसप्रकार हैं –

ज्ञानाज्ञानदर्शनलब्धयश्चतुस्त्रित्रिपञ्चभेदा: सम्यक्त्वचारित्रसंयमा-संयमाश्च ।।५।।

चार ज्ञान, तीन अज्ञान, तीन दर्शन, पाँच लब्धियाँ, सम्यक्त्व, चारित्र और संयमासंयम – ये अठारह क्षायोपशमिक भाव हैं।

मति, श्रुत, अवधि और मन:पर्यय – ये चार ज्ञान हैं और कुमति, कुश्रुत, कुअवधि – ये तीन अज्ञान हैं; तथा चक्षुदर्शन, अचक्षुदर्शन, अवधिदर्शन – ये तीन दर्शन हैं; दान, लाभ, भोग, उपभोग और वीर्य – ये पाँच लब्धियाँ हैं।

४ ज्ञान, ३ अज्ञान, ३ दर्शन, ५ लब्धियाँ – इसप्रकार ४+३+३+५=१५ और सम्यक्त्व, चारित्र व संयमासंयम – इसप्रकार १८ भेद क्षायोपशमिक भाव के हैं।

चार प्रकार के क्षायोपशमिक ज्ञान, तीन प्रकार के अज्ञान व तीन प्रकार के दर्शन की परिभाषा प्रथम अध्याय में स्पष्ट की जा चुकी है।

पाँच लब्धियों की चर्चा क्षायिक भाव के प्रकरण में हुई है। इतना अन्तर समझना चाहिए कि क्षायिक भाव में अन्तराय के क्षय से होनेवाली लब्धियाँ हैं और यहाँ क्षायोपशमिक भाव के प्रकरण में अन्तराय कर्म के क्षयोपशम से होनेवाली लब्धियों की बात है।

क्षायोपशमिक सम्यक्त्व का स्वरूप इसी अध्याय के पहले-दूसरे सूत्र की व्याख्या में आ गया है।

अनंतानुबंधी, अप्रत्याख्यानावरण और प्रत्याख्यानावरण – इन बारह कषाय कर्मों के उदयाभावी क्षय और इन्हीं के सदवस्थारूप उपशम होने से तथा चार संज्वलनों में से किसी एक प्रकृति के देशघाति स्पर्धकों का उदय होने पर नौ नोकषायों का यथासंभव उदय होने पर जो संसार से पूरी निवृत्तिरूप परिणाम होता है, वह क्षायोपशमिक चारित्र है। यह चारित्र छठवें-सातवें गुणस्थानवर्ती मुनिराजों के होता है।

अनन्तानुबंधी और अप्रत्याख्यानावरण – इन आठ कषायों के उदयाभावी क्षय और इन्हीं के सदवस्थारूप उपशम होने से तथा प्रत्याख्यानावरण व संज्वलन कषाय के देशघाति स्पर्धकों के उदय होने पर नौ नोकषायों के यथासंभव उदय होने पर जो विरताविरतरूप परिणाम होता है, वह संयमासंयम कहलाता है।

यह संयमासंयम पंचम गुणस्थानवर्ती श्रावकों के होता है।[१]

ये अठारह प्रकार के भाव ज्ञानी-अज्ञानी – सभी छद्मस्थ जीवों के होते हैं। इसका आशय यह नहीं है कि सभी भाव सभी छद्मस्थों के होते हैं। तात्पर्य यह है कि मति, श्रुत, अवधि और मन:पर्ययज्ञान ज्ञानियों के होते हैं और कुमति, कुश्रुत और कुअवधि अज्ञानियों के होते हैं। इसीप्रकार अन्य भावों के संदर्भ में भी समझ लेना चाहिए।

ज्ञानी-अज्ञानी सभी छद्मस्थों के होने से क्षयोपशम भाववालों की संख्या क्षायिक भाववालों से अधिक है। इसलिए इसे सूत्र में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

इनसे भी अधिक संख्या औदयिक भाववालों की है; क्योंकि वे चौदह गुणस्थान वाले सभी संसारी जीवों के पाये जाते हैं। इसलिए औदयिक भाववालों को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

पारिणामिक भाव सभी जीवों के होने के कारण सर्वाधिक संख्या वाला है; अत: उसे पंचम स्थान प्राप्त हुआ है, अन्तिम स्थान प्राप्त हुआ है।

इसप्रकार पहले सूत्र के क्रम में पाँचों भावों को जो स्थान प्राप्त हुआ है, उसमें संख्या की न्यूनाधिकता एक मुख्य कारण है।।५।।

औदयिक भाव

इक्कीस औदयिक भावों के नाम क्रमश: इसप्रकार हैं –

१. सर्वार्थसिद्धि, अध्याय २, सूत्र ५ की टीका, पृष्ठ ११३

गतिकषायलिंगमिथ्यादर्शनाज्ञानासंयतासिद्धलेश्याश्चतुश्चतुस्त्र्येकैकैकैक-षड्भेदा: ।।६।।

चार गति, चार कषाय, तीन लिंग, मिथ्यादर्शन, अज्ञान, असंयम, असिद्धत्व और छह लेश्यायें – ये इक्कीस भाव औदयिक भाव हैं।

नरकगति, तिर्यंचगति, मनुष्यगति व देवगति – ये चार गतियाँ; क्रोध, मान, माया, लोभ – ये चार कषायें; स्त्रीलिंग, पुल्लिंग, नपुंसक लिंग – ये तीन लिंग; मिथ्यादर्शन, अज्ञान, असंयम, असिद्धत्व और कृष्ण, नील, कापोत, पीत, पद्म व शुक्ल – ये छह लेश्यायें – इसप्रकार इक्कीस प्रकार के ये औदयिक भाव हैं।

इन २१ औदयिक भावों का सामान्य स्वरूप तत्त्वार्थवार्तिक में इसप्रकार स्पष्ट किया गया है –

''जिस कर्म के उदय से आत्मा नारक आदि भावों को प्राप्त हो, वह गति है।

कषाय नामक चारित्रमोह के उदय से होनेवाली क्रोधादिरूप कलुषता कषाय कहलाती है। यह आत्मा के स्वाभाविक रूप को कष् देती है अर्थात् उसकी हिंसा करती है।

द्रव्य और भाव के भेद से लिंग दो प्रकार का है। चूँकि **आत्म भावों का प्रकरण है, अत: नामकर्म के उदय से होनेवाले द्रव्यलिंग की यहाँ विवक्षा नहीं है।** स्त्रीवेद के उदय से होनेवाला पुरुषाभिलाषारूप भाव स्त्रीवेद है, पुरुषवेद के उदय से होनेवाला स्त्री-अभिलाषारूप भाव पुरुषवेद और नपुंसकवेद के उदय से होनेवाला उभयाभिलाषा रूप भाव नपुंसकवेद है।

दर्शनमोह के उदय से तत्त्वार्थ में अरुचि या अश्रद्धानरूप भाव **मिथ्यात्व** कहलाता है।

जिसप्रकार प्रकाशमान सूर्य का तेज सघन मेघों द्वारा तिरोहित हो जाता है; उसीतरह ज्ञानावरण के उदय से ज्ञानस्वरूप आत्मा के ज्ञान गुण की अनभिव्यक्तिरूप भाव **अज्ञान** है।

चारित्रमोह के उदय से होनेवाली हिंसादि और इन्द्रिय विषयों में प्रवृत्तिरूप भाव **असंयम** है।

अनादि से कर्मबद्ध आत्मा के सामान्यत: सभी कर्मों के उदय से **असिद्ध पर्याय** होती है।

कषाय के उदय से अनुरंजित योगप्रवृत्तिरूप भाव **भावलेश्या** है। **द्रव्यलेश्या पुद्गलविपाकी शरीर नामकर्म के उदय से होती है; अत: आत्म भावों के प्रकरण में उसका ग्रहण नहीं किया है।**

यद्यपि योगप्रवृत्ति आत्मप्रदेशों की परिस्पन्दरूप होने से क्षायोपशमिक वीर्यलब्धि में अन्तर्भूत हो जाती है और कषाय औदयिकी होती है फिर भी कषायोदय के तीव्र-मन्द आदि तारतम्य से अनुरंजित प्रवृत्तिरूप लेश्या पृथक् ही है।

यद्यपि उपशान्तकषाय, क्षीणकषाय और सयोगकेवली गुणस्थानों में कषाय का उदय नहीं है, फिर भी वहाँ भूतपूर्व प्रज्ञापन नय की अपेक्षा शुक्ल लेश्या उपचार से कही है।

मिथ्यादर्शन में दर्शनावरण के उदय से होनेवाले अदर्शन का अन्तर्भाव हो जाता है। यद्यपि मिथ्यादर्शन तत्त्वार्थ के श्रद्धानरूप भाव है, फिर भी अदर्शन सामान्य में दर्शनाभावरूप से दोनों प्रकार के दर्शनों का अभाव ले लिया जाता है।[१]''

ये २१ औदयिक भाव त्यागने योग्य हैं।।६।।

पारिणामिक भाव

पारिणामिक भावों के भेद क्रमश: इसप्रकार हैं –

जीवभव्याभव्यत्वानि च।।७।।

जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व – ये तीन पारिणामिक भाव हैं।

इन भावों का स्वरूप तत्त्वार्थवार्तिक में इसप्रकार स्पष्ट किया गया है–

''कर्म के उदय, उपशम, क्षय और क्षयोपशम की अपेक्षा न रखनेवाले मात्र द्रव्य की स्वभावभूत अनादि पारिणामिकी शक्ति से ही आविर्भूत ये भाव पारिणामिक हैं।

जीवद्रव्य का निज परिणाम ही जीवत्व है।

सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र पर्याय जिसकी प्रकट होगी, वह भव्य है और जिसके प्रकट न होगी वह अभव्य। द्रव्य की शक्ति से ही यह भेद है। **उस भव्य को, जो अनन्तकाल में भी सिद्ध नहीं होगा, अभव्य नहीं कह सकते, क्योंकि उसमें भव्यत्वशक्ति है।**[२]''

इसप्रकार जीवत्व, भव्यत्व और अभव्यत्व – ये तीन भाव पारिणामिक भाव हैं।।७।। **(क्रमश:)**

१. तत्त्वार्थवार्तिक, हिन्दी सार, पृष्ठ ३४२-३४३ २. वही, पृष्ठ ३४३

छहढाला प्रवचन

मोक्षमहल की सीढी एवं उसकी दुर्लभता

मोक्षमहल की परथम सीढ़ी, या बिन ज्ञान चरित्रा।
सम्यक्ता न लहै, सो दर्शन, धारो भव्य पवित्रा।।
'दौल' समझ, सुन, चेत, सयाने काल वृथा मत खोवै।
यह नरभव फिर मिलन कठिन है, जो सम्यक् नहिं होवै।।१७।।

(सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक विद्वान पण्डित दौलतरामजीकृत छहढाला पर गुरुदेवश्री के प्रवचन पाठकों के लाभार्थ यहाँ प्रस्तुत किये जा रहे हैं।)

(गतांक से आगे....)

जो समझदार है, जो आत्मा को भवदु:ख से छुड़ाने तथा मोक्षसुख के अनुभव के लिये सम्यक्त्व का पिपासु है, ऐसे भव्य जीव को सम्बोधन करके सम्यग्दर्शन की प्रेरणा देते हैं कि अरे प्रभु ! यह तेरे हित का अवसर आया है; तू मूढ़ नहीं, किन्तु समझदार है, सयाना है, हित-अहित का विवेक करनेवाला है, जड़-चेतन का विवेक करनेवाला है, इसलिये तू श्रीगुरु का यह उत्तम उपदेश सुनकर अब तुरन्त सम्यग्दर्शन धारण कर। यहाँ तक आकर अब विलम्ब न कर। शरीरादि से भिन्न आत्मा का अनुभव कर, उसका अंतरंग उद्यम कर।

''समझ, सुन, चेत, सयाने!'' हे सयाने जीव! तू सुन, समझ और सावधान हो। चेतकर अविलम्ब सम्यक्त्व को धारण कर। मोह का अभाव करके सावधान हो और अपनी ज्ञानचेतना द्वारा अपने शुद्ध आत्मा को चेत... उसका अनुभव कर। सर्वज्ञ परमात्मा में जो है वह सब तेरे आत्मा में भी है – ऐसा जानकर प्रतीति करके स्वानुभव कर। मृग की भाँति बाह्य में मत ढूँढ़, अपने अन्दर है उसे अनुभव में ले।

देखो, गृहस्थ-पंडित ने भी शास्त्रधार से छहढाला की कितनी सुन्दर रचना की है।

संसार में भटकते-भटकते अनंतकाल में बड़ी कठिनाई से यह मनुष्यभव प्राप्त हुआ; उसमें ऐसा जैनधर्म और सत्समागम मिला, सम्यक्त्व का ऐसा उपदेश मिला,

तो अब कौन ऐसा मूर्ख होगा जो इस अवसर को व्यर्थ गँवा दे? भाई, काल गँवाये बिना अंतरंग उद्यम पूर्वक तू निर्मल सम्यग्दर्शन धारण कर। चार गतियों में बहुत दुःख तूने सहे, अब उन दुःखों से छूटने के लिये आत्मा की यह बात सुन। सम्यग्दर्शन की ऐसी उत्तम बात सुनकर अब तू जागृत हो और तुरन्त ही सम्यग्दर्शन कर ले। यह तेरा समझने का काल है, सम्यग्दर्शन प्रगट कर। देखो, कैसा अच्छा सम्बोधन किया है! भोगभूमि में भी भगवान ऋषभदेव के जीव को सम्यग्दर्शन का उपदेश देकर मुनिराज ने ऐसा कहा था कि – हे आर्य! तू इसी समय इस सम्यक्त्व को ग्रहण कर... तुझे सम्यक्त्व की प्राप्ति का यह काल है। 'तत् गृहाण अद्य सम्यक्त्वं तत्ला में काल एष ते'.... और सचमुच उस जीव ने तत्क्षण ही सम्यग्दर्शन प्रगट किया। उसीप्रकार यहाँ भी कहते हैं कि – हे भव्य! तू अविलम्ब – इसी समय सम्यक्त्व को धारण कर! और सुपात्र जीव अवश्य सम्यग्दर्शन प्राप्त करता है।

हे जीव! जितना चैतन्यभाव है उतना ही तू है; अजीव से तेरा आत्मा भिन्न है, रागादि ममत्व से भी आत्मा का स्वभाव भिन्न है; ऐसे आत्मा की प्रतीति के बिना अनंतकाल व्यर्थ गँवा दिया; परन्तु अब यह उपदेश सुनने के बाद तू एक क्षण भी मत गँवाना तुरन्त ही अन्तर में सम्यक्त्व का उद्यम करना, प्रत्येक क्षण अति मूल्यवान है; बहुमूल्य मणि-रत्नों से भी मनुष्यभव महँगा है और फिर उसमें भी इस सम्यग्दर्शन-रत्न की प्राप्ति महा दुर्लभ है। अनंतबार मनुष्य हुआ और स्वर्ग में भी गया; परन्तु सम्यग्दर्शन प्राप्त नहीं किया – ऐसा जानकर अब तू सम्यग्दर्शन प्रगट कर। जहाँ सच्चा पुरुषार्थ है वहाँ काललब्धि भी साथ में ही है। पुरुषार्थ से काललब्धि भिन्न नहीं है; इसलिये हे भाई! इस अवसर में आत्मा को समझकर उसकी श्रद्धा कर! अन्य निष्प्रयोजन कार्यों में काल न गवाँ।

पर के कार्य तेरे नहीं हैं और न परवस्तु तेरे काम की है; आनन्दकन्द आत्मा ही तेरा है, उसी को काम में ले, श्रद्धा-ज्ञान में ले। परवस्तु या पुण्य-पाप तेरे हित के लिये काम नहीं आयेंगे अपने ज्ञानानन्दस्वभाव को श्रद्धा में ले वही तुझे मोक्ष के लिये कार्यकारी है। समयसार में आत्मा को भगवान कहकर बुलाया है। जिस प्रकार माता बच्चे का पालना झुलाते हुए गीत गाती है कि ''मेरा मुन्ना बड़ा सयाना...'' उसीप्रकार जिनवाणी माता कहती है कि हे जीव! तू भगवान है... तू सयाना-समझदार है,

इसलिये मोह छोड़कर जाग, चेत और अपने आत्मस्वभाव को देख... आत्मस्वभाव का सम्यग्दर्शन मोक्ष का दाता है। सम्यग्दर्शन होने पर मोक्ष अवश्य होगा। तेरा गुणगान करके तुझे जगाते हैं... और सम्यग्दर्शन प्राप्त कराते हैं।

आत्मा अखण्ड ज्ञान-दर्शनस्वरूप है, वह पवित्र है; पुण्य-पाप तो मलिन हैं, उसमें स्व-पर को जानने की शक्ति नहीं है और भगवान आत्मा तो स्वयं अपने को तथा पर को भी जाने ऐसा चेतकस्वभावी है। – ऐसे आत्मा के सन्मुख होकर उसकी श्रद्धा और अनुभव करने से जो सम्यग्दर्शन हुआ उसका महान प्रताप है। सम्यग्दर्शन से रहित सब बिना इकाई के शून्य के समान है, धर्म में उसका कोई मूल्य नहीं है। सम्यग्दृष्टि को अन्तर में चैतन्य के शांत-रस का वेदन है। अहा, उस शांति के अनुभव की क्या बात! श्रेणिक राजा वर्तमान में नरकगति में होने पर भी सम्यग्दर्शन के प्रताप से वहाँ के दुःख से भिन्न ऐसे चैतन्यसुख का वेदन भी उनको वर्त रहा है। पहले मिथ्यात्वदशा में महापाप से उन्होंने सातवें नरक की असंख्य वर्ष की आयु का बंध कर लिया; परन्तु बाद में वे सम्यक्त्व को प्राप्त हुए और सातवें नरक की आयु तोड़कर पहले नरक की मात्र ८४००० चौरासी हजार वर्ष की आयु कर दी। वे राजगृही के राजा गृहस्थाश्रम में अव्रती थे, तथापि भगवान महावीर के समवसरण में क्षायिक सम्यग्दर्शन प्राप्त किया; नरक आयु नहीं बदल सकी, परन्तु उसकी स्थिति तोड़कर असंख्यातवें भाग की कर दी। नरक की घोर यातनाओं के बीच भी उससे अलिप्त ऐसी सम्यग्दर्शन परिणति के सुख का वह आत्मा वेदन कर रहा है। ''बाहर नारकीकृत दुःख भोगै, अंतर सुखरस गटागटी।'' – इसप्रकार सम्यग्दर्शन सहित जीव नरक में सुखी है, और सम्यक्दर्शन के बिना तो स्वर्ग में भी वह दुःखी है। श्री परमात्मप्रकाश में कहा है कि सम्यग्दर्शन सहित तो नरकवास भी अच्छा है और सम्यग्दर्शन से रहित देवलोक में निवास भी अच्छा नहीं... अर्थात् जीव को सर्वत्र सम्यग्दर्शन ही इष्ट है, भला है, सुखकारी है, इसके बिना जीव को कहीं सुख नहीं है। सम्यग्दर्शन में अतीन्द्रिय आत्मरस का वेदन है; देवों के अमृत में भी उस आत्मरस का सुख नहीं है। मनुष्य-जीवन की सफलता सम्यग्दर्शन से ही है, स्वर्ग की अपेक्षा सम्यग्दर्शन श्रेष्ठ है, तीन लोक में सम्यग्दर्शन श्रेष्ठ है। ज्ञान और चारित्र भी सम्यग्दर्शन सहित हों तभी श्रेष्ठता को प्राप्त होते हैं। **(क्रमशः)**

नियमसार प्रवचन –

अहिंसाव्रत का स्वरूप

परमपूज्य सर्वश्रेष्ठ दिगम्बराचार्य कुन्दकुन्द के प्रसिद्ध परमागम नियमसार के व्यवहारचारित्राधिकार की गाथा 56 पर हुये आध्यात्मिकसत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के अध्यात्मरस गर्भित प्रवचनों का संक्षिप्त सार यहाँ दिया जा रहा है।

गाथा मूलत: इसप्रकार है –

कुलजोणिजीवमग्गणठाणाइसु जाणिऊण जीवाणं।
तस्सारंभ णियत्तण परिणामो होइ पढमवदं।।५६।।

(हरिगीत)

कुल योनि जीवस्थान मार्गणथान जिय के जानकर।
उन्हीं के आरंभ से बचना अहिंसाव्रत कहा।। ५६।।

कुल, योनि, जीवस्थान और मार्गणास्थान आदि को जानकर उनके आरम्भ से निवृत्तिरूप परिणाम पहला (अहिंसा) व्रत है।

(गतांक से आगे....)

अब तक निश्चयचारित्र का वर्णन किया। अब व्यवहारचारित्र का वर्णन करते हैं।

जिसको शुद्धात्मा की श्रद्धा-ज्ञान-चारित्र हुआ है और उसके आश्रय से निश्चयचारित्रदशा प्रकट हुई है, उसको जब विकल्प उठता है उस समय व्यवहारचारित्र का विकल्प कैसा होता है – वह बतलाते हैं। जो व्यवहार के भाव उत्पन्न होते हैं उनकी ज्ञानी को भावना नहीं है, परमार्थ से तो वे ज्ञानी के ज्ञान के ज्ञेय हैं, वह राग का विकल्प वास्तव में किंचित् भी धर्म का कारण नहीं है, वह तो बंध का ही कारण है; किन्तु मुनिराज के छठे गुणस्थान में स्वभाव का आश्रय पूर्ण नहीं है, हीन आश्रय है अर्थात् वहाँ राग का विकल्प उठ जाता है उसी का अब व्यवहारचारित्र अधिकार में वर्णन करते हैं। व्यवहारचारित्र बन्ध का कारण है और निश्चयचारित्र मोक्ष का कारण है – यह बात बाद में कहेंगे।

आगे परमार्थ-प्रतिक्रमण अधिकार के प्रारम्भ में ही टीका में कहेंगे कि 'अब,

सकल व्यवहारिक चारित्र से और उसके फल की प्राप्ति से प्रतिपक्ष ऐसे शुद्ध निश्चयनयात्मक परम चारित्र का प्रतिपादन करनेवाला परमार्थ-प्रतिक्रमण अधिकार कहा जाता है।

व्यवहारचारित्र बन्ध का कारण है और निश्चयचारित्र उससे प्रतिपक्ष है अर्थात् वह मोक्ष का कारण है। व्यवहारचारित्र रागवाला है और निश्चयचारित्र वीतरागी है; परन्तु छठी भूमिका में व्यवहारचारित्र होता है। कोई कहे कि मुनि के छठे गुणस्थान में विकल्प होता ही नहीं तो वह मुनि की दशा को जानता ही नहीं।

मुनि को सहज स्वभाव के अवलम्बन की ही भावना है; किन्तु स्वभाव के आश्रय की कचास में अहिंसादि व्रतों का विकल्प उठता है, उसे यहाँ व्यवहारचारित्र के रूप में कहा गया है।

कुलभेद, योनिभेद, जीवस्थान के भेद और मार्गणास्थान के भेद पहले ही (४२वीं गाथा की टीका में ही) प्रतिपादित कर दिये गये हैं, यहाँ पुनरुक्ति दोष के भय से नहीं कहे।

शुद्धभाव अधिकार में मात्र अभेद परम स्वभाव का ही आश्रय बतलाया था। यहाँ पर्याय का ज्ञान कराते हैं। परजीव की रक्षा या हिंसा तो आत्मा कर ही नहीं सकता; किन्तु मुनि को अहिंसा का शुभ विकल्प उठता है उसको यहाँ व्यवहार से अहिंसाव्रत कहा है।

व्यवहार के अनेक प्रकार आते हैं वहाँ अज्ञानी उनके आश्रय से लाभ मान लेता है; परन्तु उस व्यवहार का रूप तो संसार है। व्यवहार का ज्ञान कराया है; किन्तु उसका आश्रय करने के लिए नहीं कहा है; क्योंकि उसके आश्रय का फल तो संसार ही है।

समयसार ग्रन्थ की टीका लिखते हुए पं. जयचन्दजी कहते हैं :–

''प्राणियों को भेदरूप व्यवहार का पक्ष तो अनादिकाल से ही है और उसका उपदेश भी बहुधा सर्व प्राणी परस्पर करते हैं। तथा जिनवाणी में व्यवहार का उपदेश शुद्धनय का हस्तावलम्ब जानकर बहुत किया है; परन्तु उसका फल संसार ही है। शुद्धनय का पक्ष तो कभी आया नहीं और उसका उपदेश भी विरल है – कहीं कहीं है। अतः उपकारी श्रीगुरु ने शुद्धनय के ग्रहण का फल मोक्ष जानकर उसका उपदेश

प्रधानता से (मुख्यतया से) दिया है, कि ''शुद्धनय भूतार्थ है, सत्यार्थ है; उसका आश्रय करने से सम्यग्दृष्टि हो सकता है; उसके जाने बिना जब तक जीव व्यवहार में मग्न है तब तक आत्मा के ज्ञानश्रद्धानरूप निश्चय सम्यक्त्व नहीं हो सकता।''

यहाँ व्यवहारचारित्र का विकल्प मुनि के कैसा होता है वह बताते हैं।

मुनि के (मुनित्वोचित) शुद्धपरिणति के साथ वर्तता हुआ (हठरहित) देहचेष्टादिक सम्बन्धी शुभोपयोग व्यवहार-प्रयत्न है। (शुद्धपरिणति न हो वहाँ शुभोपयोग हठ-सहित होता है; वह शुभोपयोग तो व्यवहार-प्रयत्न भी नहीं कहलाता।)

त्रिकालीस्वभाव का अवलम्बन निश्चय-प्रयत्न है, वहाँ बीच में आने वाला शुभ विकल्प व्यवहार-प्रयत्न है। शुद्धस्वभाव के आश्रय बिना अकेला शुभोपयोग तो हठरूप है, वह व्यवहार चारित्र नहीं है।

परजीव मरे अथवा न मरे वह तो उसकी पर्याय है, वह यह आत्मा नहीं करता; किन्तु अहिंसा के शुभभाव के प्रयत्नरूप परिणाम के बिना सावद्यपरिहार नहीं होता। पर में प्रयत्न की बात नहीं है, यह तो अपने में शुभपरिणाम के प्रयत्न की बात है। ऐसे शुभ बिना अशुभभावरूप सावद्य का परिहार नहीं होता। इसलिए प्रयत्नपरायण को हिंसापरिणति के अभाव होने से अहिंसाव्रत होता है। निश्चय से तो शुभभाव भी स्वरूप की हिंसा है, परन्तु व्यवहार में पाप के अभाव को अहिंसा कहते हैं। मुनि को निश्चय से तो स्वभाव के आश्रय का ही प्रयत्न है, परन्तु उसमें लीन न रह सकने की दशा में ऐसी व्यवहार-अहिंसा का विकल्प होता है। **(क्रमशः)**

तीर्थराज सम्मेदशिखरजी में -

जयपुर व उज्जैन का संयुक्त शिविर

कुन्दकुन्द प्रवचन प्रसारण संस्थान, उज्जैन एवं पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, जयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 29 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक तीर्थराज सम्मेदशिखरजी में **निजात्मकेलि शिखर शिविर एवं बाल संस्कार ज्ञान-वैराग्य महोत्सव** का आयोजन होने जा रहा है।

इस शिविर में डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल, डॉ. उत्तमचंदजी जैन सिवनी, ब्र. सुमतप्रकाशजी, पण्डित विमलदादा झांझरी आदि अनेक विद्वानों का लाभ प्राप्त होगा।

सभी साधर्मीजन इष्टमित्रों सहित शिविर में धर्मलाभ लेने हेतु आमंत्रित हैं।

ज्ञान गोष्ठी

सायंकालीन तत्त्वचर्चा के समय विभिन्न मुमुक्षुओं द्वारा
पूज्य स्वामीजी से पूछे गये प्रश्न और स्वामीजी द्वारा दिये गये उत्तर

प्रश्न : सम्यग्दृष्टि को शुद्धात्मा का विचार उपयोग में चल रहा हो, उसे ही शुद्धोपयोग कहते हैं न ?

उत्तर : नहीं, शुद्धात्मा का विचार शुद्धोपयोग नहीं है, यह तो रागमिश्रित विचार है। शुद्धात्मा में एकाग्र होकर निर्विकल्प उपयोगरूप परिणाम हो, वह शुद्धोपयोग है। जिसमें ज्ञेय-ज्ञान-ज्ञाता का भेद छूटकर मात्र अभेदरूप चैतन्यपिण्ड ही अनुभव में आवे, वह शुद्धोपयोग है।

प्रश्न : ज्ञानी को विभाव परदेश लगता है, तो उसका खेद होता है कि ज्ञान होता है ?

उत्तर : खेद भी होता है और ज्ञान भी होता है।

प्रश्न : क्या शुद्धि और अशुद्धि एक पर्याय में साथ ही साथ है ?

उत्तर : हाँ ! साधक को शुद्धि और अशुद्धि एक पर्याय में साथ होने पर भी अशुद्धता का जो ज्ञान होता है, वह अपना है, अशुद्धता अपनी नहीं।

प्रश्न : सम्यग्दृष्टि को गृहस्थाश्रम में रहकर राजपाट करते हुए भी समभाव कैसे रहता होगा ?

उत्तर : त्रिकाली जीवतत्त्व की दृष्टि होने से ज्ञानी को पर्यायदृष्टि नहीं है अर्थात् वह पर्याय जितना ही जीव को नहीं मानता, इसलिए उसे पर्यायबुद्धि का राग-द्वेष नहीं होता। स्वभावदृष्टि होने के कारण वह सिद्धपर्याय या निगोद पर्याय में समभाव ही रखता है। कदाचित् अल्प राग-द्वेष होने पर भी स्वभाव की एकता नहीं छूटने से वास्तव में उसे राग-द्वेष होता ही नहीं, उसे तो स्वभाव की एकता ही वर्तती है। भाई! स्वभावबुद्धि का हकार और पर्यायबुद्धि का नकार-यही स्वभाव है। आत्मा वर्तमानभाव जितना नहीं, अपितु त्रिकाल अखण्ड ज्ञानमूर्ति है - ऐसी श्रद्धा ही द्रव्यबुद्धि का स्वीकार है और पर्यायबुद्धि का अस्वीकार है। राजपाट में रहने पर भी ज्ञानी के स्वभावदृष्टि की अधिकता के कारण समभाव ही वर्तता है।

समाचार दर्शन -

37वाँ आध्यात्मिक शिक्षण शिविर संपन्न

जयपुर (राज.) : यहाँ ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में श्री कुन्दकुन्द कहान दिगम्बर जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट, मुम्बई द्वारा दिनांक 27 जुलाई से 05 अगस्त 2014 तक 37वाँ आध्यात्मिक शिक्षण शिविर अनेक मांगलिक आयोजनों सहित सम्पन्न हुआ।

शिक्षण शिविर का उद्घाटन श्री अशोककुमारजी जैन सुभाष ट्रासपोर्ट, भोपाल के करकमलों से हुआ। सभा की अध्यक्षता श्री निहालचंदजी जैन जयपुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीपजी चौधरी किशनगढ व श्री प्रेमचंदजी बजाज कोटा उपस्थित थे। विद्वत्गणों के अन्तर्गत डॉ. भारिल्ल के साथ-साथ डॉ. उत्तमचंदजी सिवनी, पण्डित राजेन्द्रजी जबलपुर, पण्डित प्रदीपजी झांझरी उज्जैन, पण्डित रजनीभाई हिम्मतनगर आदि अनेक विद्वत्गण मंचासीन थे।

श्री कुन्दकुन्द कहान दि.जैन तीर्थ सुरक्षा ट्रस्ट का परिचय ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री महीपालजी ज्ञायक बांसवाड़ा ने दिया। मंचासीन समस्त अतिथियों का सम्मान शिविर के निर्देशक श्री अशोककुमारजी जैन जबलपुर ने तिलक लगाकर एवं माल्यार्पणकर किया।

शिविर मण्डप का उद्घाटन श्री देवेन्द्रकुमारजी बड़कुल भोपाल ने, मंच का उद्घाटन श्री राजूभाई वाडीलाल अहमदाबाद ने एवं ध्वजारोहण श्री निहालचंदजी जैन जयपुर ने किया।

इस अवसर पर डॉ. भारिल्ल ने शिविर के प्रारंभ व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों के हृदय में जिनवाणी अंकित करने पर ही जिनवाणी सुरक्षित रह पायेगी। अन्य अनेक महानुभावों ने भी शिविरों की उपयोगिता के संदर्भ में उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम का संचालन श्री महीपालजी ज्ञायक बांसवाड़ा ने किया।

शिक्षण शिविर में प्रतिदिन गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के मांगलिक सी.डी. प्रवचन के साथ-साथ डॉ. हुकमचंदजी भारिल्ल द्वारा दोनों समय समयसार की 47 शक्तियों पर एवं डॉ. उत्तमचंदजी सिवनी द्वारा प्रात:काल पंचास्तिकाय एवं रात्रि में मोक्षमार्गप्रकाशक पर प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त रात्रि में पण्डित राजेन्द्रजी जबलपुर, पण्डित ज्ञानचंदजी सोनागिर, पण्डित अनिलजी शास्त्री भिण्ड के प्रवचनों का भी लाभ प्राप्त हुआ।

प्रतिदिन चलने वाली प्रौढ कक्षाओं में पण्डित रतनचंदजी भारिल्ल जयपुर द्वारा षट्कारक, पण्डित प्रदीपजी झांझरी उज्जैन द्वारा मोक्षमार्ग प्रकाशक (सम्यक्त्व के विभिन्न लक्षणों में समन्वय), पण्डित राजेन्द्रकुमारजी जबलपुर व पण्डित ज्ञानचंदजी सोनागिर द्वारा छहढाला, पण्डित शांतिकुमारजी पाटील जयपुर द्वारा समयसार (गाथा-2-3), डॉ. संजीवकुमारजी गोधा जयपुर द्वारा नयों का सामान्य स्वरूप एवं पण्डित पीयूषजी शास्त्री जयपुर द्वारा लघु जैन सिद्धांत प्रवेशिका की कक्षा ली गई। सायंकाल ब्र. यशपालजी जैन द्वारा गुणस्थान विवेचन की कक्षा ली गई।

दोपहर की सभा में प्रतिदिन बाबू जुगलकिशोरजी 'युगल' के सी.डी. प्रवचन के पश्चात् महाविद्यालय के छात्र विद्वानों द्वारा प्रवचन तदुपरान्त आयोजित व्याख्यानमाला में पण्डित राजेन्द्रकुमारजी जबलपुर, पण्डित विरागजी शास्त्री जबलपुर, पण्डित ज्ञानचंदजी सोनागिर, पण्डित अनिलजी भिण्ड, डॉ. श्रीयांसजी सिंघई जयपुर एवं पण्डित प्रदीपजी झांझरी उज्जैन आदि विद्वानों के प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।

